सार-समाचार

स्कूल में कंप्यूटर और प्रिंटर का सैट भेंट

रतनगढ़, (निसं)। रतनगढ़ नागरिक परिषद ट्रस्ट दिल्ली एन सी आर द्वारा शैक्षिक उन्नयन हेतु राजकीय विद्यालयों में किए जा रहे सहयोग के अंतर्गत मंगलवार को एम जी जी एस गणेशमल बैद स्कूल में कंप्यूटर और प्रिंटर का सैट भेंट किया। संस्था प्रधान अनिल कुमार ने बताया परिषद् के उपाध्यक्ष एवं विद्यालय भवन निर्माता भामाशाह डालमचंद बैद के मुख्य आतिथ्य एवं पूर्व पालिकाध्यक्ष संतोष कुमार इंदौरिया की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में मोतीलाल तातेड, मनोज जोशी,कमल बैद,पवन सराफ, राजकुमार बैद,विष्णु चौधरी आदि विशिष्ट अतिथि के रूप में मंचस्थ थे।मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन और गणेशमल बैद की मूर्ति पर माल्यार्पण से शुरू हुए कार्यक्रम में ट्रस्ट के स्थानीय समन्वयक कुलदीप व्यास ने ट्रस्ट के जनसेवी कार्यों की जानकारी दी। मुख्य अतिथि बैद ने विद्यालय विकास हेतु हर संभव सहयोग करने तथा सर्दी से बचाव हेतु सभी बच्चों के लिए स्वेटर उपलब्ध करवाने की घोषणा की। अध्यक्षीय उद्बोधन में इंदौरिया ने विद्यालय के साथ अभिभावकों के जुडाव और संस्कारयुक्त शिक्षा पर बल दिया । विद्यालय परिवार की ओर से हिम्मतसिंह चारण ने शाब्दिक स्वागत किया और अनिल कुमार , नवीन कुमार प्रीतम कौर,सुशीला आदि ने अतिथियों का माल्यार्पण व पुष्प गुच्छ भेंटकर अभिनंदन किया।

बस स्टैंड से 13 ट्रॉली कचरा उठवाया

सादुलपुर, (निसं)। राजगढ़ नगरपालिका में नए ईओ ने पदभार ग्रहण करते ही साफ-सफाई व्यवस्था बहाल करने में जुट हुए नजर आये। बुधवार दोपहर तीन बजे मिली जानकारी में ईओ राकेश अरोडा पालिका ईओ खुद साथ जाकर राजगढ के बस स्टैंड, भगत चोक आदि स्थानों पर साफ-सफाई करवाई तथा एक दर्जन से अधिक ट्रॉली कचरे की उठवाने की कार्यवाही की गई है। वही बस स्टैंड राजगढ पर स्थित चाय के होटल वालों को भी कचरा पात्र रखने व साफ-सफाई रखने की समझाइश की गई। वहीं ईओ ने पदभार ग्रहण करते ही साफ-सफाई की ताबड तोड कार्रवाई करना शुरू कर दिया है। उन्होंने कहा कि 10 दिन में पूरी तरह सुधार देखने को मिलेगा। उन्होंने अस्थाई सफाई कर्मचारियों का औचक निरीक्षण कर हाजरी ली, जिसमे 24 लोगों की अनुपस्थिति लगाई गई। इस दौरान ईओ राकेश कुमार अरोडा ने मीडिया से बातचीत करते हुए बताया कि जिला कलेक्टर चूरू ने दिसा की मीटिंग में समस्त पालिका ईओ को निर्देशित किया है कि सफाई व लाइट की व्यवस्था को प्राथमिकता से दुरूस्त किया जाए तथा इसी संबन्ध में आज कार्रवाई की गई है। स्टैंड पर सफाई होते देख लोगों ने कहा पहले ईओ तो कभी दिखाई ही नहीं देते थ, मगर खुद खडे होकर सफाई करवाने वाले पहले ईओ आए हैं।

भजनों की स्वर लहरियां बही

चूरू (निसं)। श्री ढांढंण शक्ति भक्त मंडल चूरू की ओर से टीडा गेला दादी के अखिल भारतीय रजत जयंती बसंतोत्सव के तहत निकाली गई 47 दिवसीय रथ यात्रा के 41वें ठहराव के दौरान मंगलवार रात्री को श्रीराम मन्दिर में भव्य भजन संध्या का आयोजन किया गया। आयोजन समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारम्भ दादी की दिव्य ज्योत प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम का आगाज कोलकाता के मूलचंद बजाज ने गणेश वंदना से किया। इस अवसर पर अकोला की नेतल शर्मा ने दादी आओ तो सही थारा टाबरिया बुलावे सहित अनेक भजनों की प्रस्तुति प्रस्तुति देकर उपस्थित श्रोताओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। वहीं कोलकाता के मोनू मोर ने दादी म्हारे घरां पधारो कदसै तरसे मनडो म्हारो, म्हारे थारो एक सहारो सहित एक से बढकर एक भजनों की प्रस्तुतियां देकर उपस्थित जन से खूब वाहवाही लूटी। इस अवसर पर दादी के भव्य दरबार को सजाया गया। कार्यक्रम में आगंतुक अतिथियों व कलाकारों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में पुष्प वर्षा कर कलाकारों का उत्साहवर्धन किया गया। इस अवसर पर बडी संख्या में उपस्थित महिला पुरुषों ने कार्यक्रम का जमकर आनंद लिया।

दिव्य ज्योत यात्रा का स्वागत

रतनगढ़, (निसं)। टीडा गेला मैया के 48 वें वार्षिकोत्सव के उपलक्ष्य में दिव्य ज्योत रथ यात्रा देश भर में भ्रमण कर आज प्रातः गोपाल वाटिका रतनगढ में पहुंची जहां दादी जी के भक्तों ने उत्साहपूर्वक स्वागत किया तथा महेश भरतिया ने पुष्प अर्पित कर नगर भ्रमण के लिए रवाना किया। यहां से यात्रा धानुका कुएं के पास पहुंची जहां श्रद्धालुओं ने जयकारे लगाते हुए पूजन किया तथा यहां से शोभायात्रा के रूप में मुख्य बाजार से होते हुए अग्रसेन भवन पहुंची।दादीजी के भजन गाते , नाचते उत्साहित भक्तों का नगर में जगह जगह पुष्प वर्षा से स्वागत किया गया,स्वागत में अनेक भव्य तोरण द्वार भी सजाए गए, यात्रा में जयप्रकाश भरतिया,पूर्व विधायक अभिनेष महर्षि, पालिकाध्यक्ष अर्चना सारस्वत, पूर्व पालिकाध्यक्ष संतोष बाबू इंदौरिया,कांग्रेस नेता हेमंत सारस्वत, समाजसेवी अरुण रामगढिया, विश्वंभर भरतीया, महेश भरतीया, सुरेश भरतिया, डालम चंद बैद, गिरधारीलाल बाजोरिया, लक्ष्मीनारायण चंगोंइवाल, गोविंद पंसारी, रौनक बाजोरिया सहित बडी संख्या में नगरवासी उपस्थित थे।

वैभव गहलोत का स्वागत

रतनगढ़, (निसं)। पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के पुत्र कांग्रेस नेता वैभव गहलोत जयपुर से सरदारशहर जाते समय चूरू जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा संगम चौराहे पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने गर्मजोशी से भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर कांग्रेस नेता वैभव गहलोत ने बताया कि पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार ने जनकल्याणकारी फसलों को लागू कर प्रदेश की आम आवाम को राहत दी थी।वर्तमान भाजपा सरकार जनकल्याणकारी नीतियों को समाप्त करने में लगी हुई है। इस अवसर पर राज्य महिला आयोग अध्यक्ष रेहाना रियाज चिश्ती,चूरू जिला कांग्रेस कमेटी कोषाध्यक्ष राम नारायण व्यास पीसीसी सदस्य रामजी लाल शर्मा, विधायक पुसाराम गोदारा, पालिकाध्यक्ष प्रतिनिधि हेमंत सारस्वत, नारायण बालण, एडवोकेट महेंद्र सैनी, अनवर कुरैशी, कल्याण सिंह शेखावत, राजेश गहलोत,अनिल सियोता, मनीष मेघवाल,जसकरण गौड, श्रवण माली, के डी पठान, विजय माली, पप्पू कादिया अन्य सहित कांग्रेस जन उपस्थित रहे।

कार्य सम्पन्न करवाने के प्रस्ताव पारित

तारानगर (निसं)। तारानगर के राजकीय महिला महाविद्यालय में बुधवार को कॉलेज प्राचार्य डॉ. केशर देव की अध्यक्षता में महाविद्यालय विकास समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में उपस्थित विकास समिति के सदस्यों द्वारा महाविद्यालय विकास के लिए आवश्यक कक्षाकक्ष, प्रयोगशाला, चार दिवारी, कुण्ड के निर्माण से संबंधित प्रस्तावों पर व्यापक चर्चा कर जनप्रतिनिधियों एवं भामाशाओं के सहयोग से उक्त कार्य सम्पन्न करवाने के प्रस्ताव पारित किए गए। इसके अलावा समिति के सदस्यों द्वारा पार्किंग स्टैण्ड, इन्टरलॉक, टॉयलेट, फर्नीचर तथा पुस्तकों की आवश्यकता पर चर्चा कर इन्हे भामाशाह के सहयोग से पूर्ण करने का सुझाव रखा गया। बैठक में यासिन हिसारिया, अमरसिंह चारण, रणवीर यादव, हसंराज परिहार, पालाराम जिंदल, अरूण घेतरवाल, कृष्ण कुल्हार, डॉ. सुभाषचन्द्र बोला, डॉ. मोहनलाल आदि उपस्थित रहे।

पोस्टर का विमोचन किया

सादुलपुर, (निसं)। महंत जगदीश पुरी महाराज की अध्यक्षता में बैठक व पोस्टर विमोचन किया गया। भाजपा किसान मोर्चा जिला महामंत्री कृष्ण भाकर ने बताया कि शहीद गजेसिह पूनियां की प्रथम पुण्यतिथि पर मूर्ति अनावरण, रक्तदान एवं निः शुल्क चिकित्सा परामर्श शिविर का आयोजन शहीद स्मारक आच्छापुर तहसील राजगढ में मंगलवार 28 जनवरी 2०25 सुबह 11 बजे का रखा है। वहीं भाकर ने आप सभी से ज्यादा से ज्यादा संख्या में पहुंचकर कार्यक्रम की शोभा बढाने एवं रक्तदान शिविर में पहुंचकर रत्तदान करने की अपिल की है। इस मौके पर भाजपा किसान मोर्चा जिला महामंत्री कृष्ण भाकर, सुनील लाम्बा, प्रवीण पूनिया, विकास सहारण व सुरेश शर्मा सहित मौजूद रहे।

शहीद वीरांगनाओं का सम्मान 26 को

सीकर (निसं)। कर्नल ब्रिजेन्द्र सिंह महला जिला सैनिक कल्याण अधिकारी सीकर ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी 26 जनवरी 2025 को प्रातः 8:30 बजे जिला खेल स्टेडियम, सांवली रोड सीकर में जिला प्रशासन द्वारा मनाया जायेगा, जिसमें जिले की सभी शहीद वीरांगनाओं और अलंकृत सैनिकों को सम्मानित किया जायेगा। उन्होंने सीकर जिले की समस्त शहीद वीरांगनाओं एवं अलंकृत सैनिकों से कहा है कि निर्धारित तिथि, स्थान व समय पर अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने का श्रम करें।

68 खाद्य लाइसेंस जारी किये

सीकर (निसं)। चिकित्सा विभाग की ओर से शुद्ध आहार मिलावट पर वार अभियान के तहत बुधवार को पलसाना में खाद्य लाइसेंस व रजिस्ट्रेशन शिविर का आयोजन किया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ अशोक कुमार महरिया ने बताया कि खाद्य लाइसेंस व रजिस्ट्रेशन शिविर में खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीम ने 68 खाद्य लाइसेंस जारी किये।

'कर्तव्यनिष्ठा व स्वभाव से ही व्यक्तित्व की असल झलक'

चूरू (निसं)। पब्लिक रिलेशंस एंड एलाइड सर्विसेज ऑफ राजस्थान (प्रसार) की चूरू जिला इकाई के तत्वावधान में बुधवार को सहायक निदेशक कुमार अजय की उपनिदेशक पद पर पदोन्नित होने पर आयोजित अभिनंदन समारोह में एसडीएम बिजेन्द्र सिंह, एपीआरओ मनीष कुमार सहित जनसम्पर्क कर्मियों व मीडियाकर्मियों ने उनका सम्मान किया।

एसडीएम बिजेन्द्र सिंह ने कहा कि कर्तव्यनिष्ठा व स्वभाव से ही मनुष्य के व्यक्तित्व की असल झलक मिलती है। अपने कार्य से व्यक्ति हर जगह सम्मान प्राप्त करता है। उपनिदेशक कुमार अजय का सहज, सरल व मित्रावत स्वभाव प्रेरणादायी है।

इस मौके पर वरिष्ठ पत्रकार बनवारीलाल दीक्षित ने कहा कि जनसम्पर्क सेवा पत्राकारिता क्षेत्रा की सहयोगी कडी है। जनसम्पर्क सेवा में लंबे समय तक चूरू में अपनी सेवाएं देकर मुख्यालय में कुमार अजय का पदस्थापन होना जिले के लिए गौरव का विषय है।

वरिष्ठ पत्रकार देवराज लाटा ने कहा कि कुमार अजय ने चूरू में रहते हुए पत्रकार व पत्रकारिता के हितों के लिए अपनी अभिनव सहयोग दिया है। उन्होंने सकारात्मक रहते हुए सहयोग की भावना से अपनी सेवाएं दी हैं। वरिष्ठ पत्रकार राजेन्द्र शेखावत ने कहा कि साहित्य और पत्रकारिता के दिनों से ही कुमार अजय के साथ हमारे बहुत अच्छे और गहरे अनुभव हैं।

बेहतरीन सेवाओं के साथ उन्होंने जिले की सेवा की और पत्राकारिता व जनसम्पर्क सेवा का मान बढ़ाया है। इस मौके पर वरिष्ठ पत्रकार पवन शर्मा ने कहा कि जनसम्पर्क सेवा से पहले से पत्रकारिता व अध्यापन क्षेत्र में कुमार अजय ने अपनी सेवाएं दी।

चूरू में जनसम्पर्क सेवा के अधिकारी के रूप में 12 वर्ष के लंबे कार्यकाल में कुमार अजय का पत्रकार हितों एवं पत्रकारिता क्षेत्र में भी सहयोग सराहनीय रहा है। अभिनंदन समारोह में कृतज्ञता व्यक्त करते हुए उपनिदेशक कुमार अजय ने कहा कि गृह जिले में 12 वर्ष का लंबा अनुभव यादगार है। चूरू में जनसम्पर्क सेवा के दौरान पत्रकार साथियों, प्रशासनिक अधिकारियों, जनसंपर्क कर्मियों, जिले के सामाजिक कार्यकर्ताओं, साहित्यकारों, बुद्धिजीवियों, गणमान्य नागरिकों और आमजन की ओर से भरपूर स्नेह, आशीर्वाद और सहयोग मिला।

इस मौके पर मीडियाकर्मियों, जनसम्पर्क कर्मियों ने कुमार अजय का माल्यार्पण कर, साफा पहनाकर व शॉल ओढ़ाकर सम्मान किया। एपीआरओ मनीष कुमार ने कार्यक्रम का संचालन किया। इसी कड़ी में प्रसार की जिला इकाई की ओर से सहायक प्रशासनिक अधिकारी रामचंद्र मेघवाल, वरिष्ठ सहायक मंगेज सिंह, सूचना सहायक धर्मपाल सिंह, सहायक कर्मचारी बजरंग मीणा, संजय गोयल, विजय रक्षक, अजय चांवरिया, करणी सिंह ने अभिनंदन पत्रा व चांदी का नारियल भेंट का उपनिदेशक कुमार अजय का स्वागत किया।

इस दौरान आशीष गौतम, जमील अहमद खान, वरिष्ठ पत्राकार नरेंद्र शर्मा, एएसओ विक्रम गुर्जर, राहुल शर्मा, प्रेम प्रकाश शर्मा, जगदीश सोनी, गिरधारी सैनी, ललित चौहान, देशदीपक किरोड़ीवाल, मनोज शर्मा, श्रवण शर्मा, विजय सारस्वत, कुंजबिहारी बिरमीवाला, नरेश भाटी, दिनेश लाटा, महेंद्र सोनी, दीपक सैनी, शैलजा, नवरतन प्रजापत, कौशल शर्मा, नरेश पारीक, अख्तर मुगल, रामकुमार सिहाग, संजय वर्मा, मोहम्मद अली पठान, पंकज शर्मा, सुरेश कुमार, पुनीत सोनी, राकेश स्वामी, जितेन्द्र स्वामी ने कुमार अजय का अभिनंदन किया।

सहायक निदेशक कुमार अजय की उपनिदेशक पद पर पदोन्नति होने पर उनका सम्मान किया गया।

झुंझुनूं को मिले पांच नए सहायक लीडर ट्रेनर

झुंझुनूं, (निसं)। राजस्थान राज्य भारत स्काउट गाइड नई दिल्ली के तत्वावधान में आयोजित सहायक लीडर ट्रेनर कोर्स में पूरे भारत वर्ष से 36 स्काउट शिक्षकों ने भाग लिया। जिसमें राजस्थान प्रदेश से 12 स्काउट यूनिट लीडर्स ने सहायक लीडर ट्रेनर कोर्स में राष्ट्रीय प्रशिक्षण केंद्र पचमढ़ी (मध्य प्रदेश) में सहभागिता की। राजस्थान के 12 लीडर्स में से अकेले झुंझुनूं जिले से पांच ने सहभागिता कर यह योग्यता अर्जित की। सीओ स्काउट महेश कालावत ने सहायक लीडर ट्रेनर कोर्स की योग्यता अर्जित करने के लिए इस शिविर में स्थानीय संघ अलसीसर के रामदेव सिंह गढ़वाल, स्थानीय माननगर के विजय गर्वा, स्थानीय संघ बुहाना में ढाकामांडी स्कूल के नरेश सिंह तंवर, स्थानीय संघ खेतड़ी के चिरंजीलाल शर्मा, स्थानीय संघ नवलगढ़ में परसरामपुरा स्कूल के शिव प्रसाद वर्मा ने उच्च स्तर का प्रशिक्षण प्राप्त कर यह योग्यता अर्जित की है। सर्वाधिक सहायक लीडर ट्रेनर बनने पर जिला प्रधान गंगाधर सिंह सुंडा, मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी अनसूईया सिंह, एसबीईओ अशोक पूनियां, एडल्ट रिसोर्स कमिश्नर प्रहलादराय जांगिड़, अन्य शिक्षा अधिकारियों, स्काउट गाइड पदाधिकारियों ने शुभकामनाए बधाईयां प्रेषित की।

वार्षिक उत्सव एवं प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन

सीकर (निसं)। एनएच 52 स्थित स्वामी केशवानन्द शिक्षण संस्थान समूह भढाडर सीकर की सीबीएसई विंग में वार्षिक उत्सव अभ्युदय 2025 का आयोजन किया गया।

जानकारी देते हुए प्रधानाचार्य शांति प्रसाद नेगी ने बताया कि संस्थान की सीबीएसई विंग में वार्षिक अभ्युदय 2025 का आयोजन किया गया। जिसमें संस्थान के छात्र छात्राओं ने विभिन्न प्रदेशों के साथ राजस्थानी संस्कृति को प्रदर्शित करते हुए सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से उपस्थित सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया।

इसी अवसर संस्थान के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं जिन्होने शानदार एकेडमिक परिणाम के साथ केशवानन्द ओलम्पियाड में उच्च रैंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं के साथ खेलों में राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पदक लेने वाले एव भाग लेने वाले 300 से अधिक प्रतिभाओं को नगद पुरस्कार, मैडल एवं गिफ्ट वाउचर से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपखण्ड अधिकारी लक्ष्मणगढ मोहर सिंह मीणा, सीकर ट्राफिक इंचार्ज कृष्ण धनकड एवं परिवहन निरीक्षक श्रीचन्द्र ढाका, इतिहासकार अरविन्द भास्कर, धर्मपाल पोसानी, भढाडर पीईओ प्रमोद महला उपस्थित रहे। मंच संचाचन धमेन्द्र निठारवाल ने किया।

कार्यक्रम में कक्षा 12वीं बोर्ड परीक्षा दे रहे विद्यार्थियों के लिये मंगलकामना उत्सव एवं शाही भोज का कार्यक्रम भी रखा गया साथ 12वीं के बाद आगे कैरियर के लिये जिन क्षेत्रों में अपार सम्भानाएं है उन भी चर्चा परिचर्चा की गई। इस अवसर पर डिग्री कॉलेज प्राचार्य ललित किशोर तंवर, पॉलीटेक्निक कॉलेज प्राचार्य जगदीश सोलंकी, नर्सिग प्राचार्य महेश कुमावत, आरबीएसई प्राचार्य विजेन्द्र सिंह उपस्थित रहे। संस्थान प्रतिवेदन संस्था निदेशक रामनिवास ढाका ने प्रस्तुत किया।

महात्मा गांधी स्कूल स्वामी सेही में वार्षिकोत्सव मनाया

झुंझुनूं, (निसं)। जिले के चिड़ावा के समीप स्वामी सेही गांव में संचालित महात्मा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल का वार्षिकोत्सव समारोहपूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि स्वामी सेही सरपंच ईश्वरसिंह पूनियां थे।

कार्यक्रम में सेवानिवृत्त नायब तहसीलदार बजरंगलाल, उप सरपंच सुरेश पिलानियां, पूर्व पार्षद सुरेश भूकर, देवेंद्र सिंह, सरजीत सिंह, कैप्टन पृथ्वीसिंह सोमरा, सेवानिवृत्त शिक्षक प्रहलादराय, प्रेरक राकेश कुमार को सम्मानित किया गया। इस मौके पर जनप्रतिनिधि सुरताराम स्वामी सेही, किशोरीलाल बास कल्याण, किशोरीलाल स्वामी सेही का भी सहयोग देने पर सम्मान किया गया। अभिभावकों के रूप में रामभगत, कपिला, राजेश, बिमला, किरण, आंचल, सुबेसिंह पिलानियां, महेंद्रसिंह, राजेंद्रसिंह, सोसायटी अध्यक्ष विनोद कुमार, विकास सोमरा, कृष्ण सोमरा, राजेंद्र शेखावत स्यालू कलां का भी कार्यक्रम में सम्मान किया गया। स्कूली विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी। वहीं विभिन्न शैक्षिणक व सह शैक्षिणक गतिविधियों में अव्वल रहे विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। संचालन प्राध्यापक गुलाबचंद शर्मा ने किया। आभार प्रिंसिपल राजेश पूनियां ने जताया।

जिले के चिड़ावा के समीप स्वामी सेही गांव में संचालित महात्मा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल का वार्षिकोत्सव समारोहपूर्वक मनाया गया।

शिव महापुराण कथा महोत्सव 31 जनवरी से

झुंझुनूं, (निसं)। श्री लावरेश्वर महादेव मंदिर ट्रस्ट की ओर से मंदिर के समीप ही चौथमल गोयनका के नोहरे में शिव महापुराण कथा 31 जनवरी से शुरू होगी।

मंदिर के 33वें वार्षिकोत्सव बसंत पंचमी के मौके पर होने वाले इस कार्यक्रम के तहत 31 जनवरी से सात फरवरी तक बालव्यास श्रीकांत शर्मा शिव महापुराण कथा का वाचन करेंगे। आयोजन की पूर्व तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। जिसे लेकर बुधवार को मंदिर ट्रस्ट के ट्रस्टीज की बैठक हुई। जिसमें उन्होंने कथा में प्रति दिवस प्रसाद वितरण, भवन में रुकने की एवं भोजन इत्यादि व्यवस्थाओं को लेकर चर्चा की। इसके अलावा कथा स्थल चौथमल गोयनका के नोहरे का अवलोकन कर आवश्यक साफ सफाई करने, कथा में पांडाल एवं स्टेज डेकोरेशन के लिए डेकोरेटर आशीष श्रीमोहन तुलस्यान एवं टेंट के लिए रामावतार जांगिड को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस अवसर पर ट्रस्ट के ट्रस्टीज सुरेशचंद्र पंसारी, जयपुर से राजकुमार अग्रवाल, राधेश्याम ढंढारिया, नरेश अग्रवाल, स्थानीय कार्यकारिणी सदस्य श्रीकांत पंसारी, कैलाश अग्रवाल एवं डॉ. डीएन तुलस्यान उपस्थित थे।

मेडिकल कैंप आयोजित

झुंझुनूं, (निसं)। जिले के सिंघाना के समीप घरडाना खुर्द स्थित पीएमश्री महात्मा गांधी शहीद कुलदीप सिंह राजकीय विद्यालय में मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ सरपंच उम्मेद सिंह राव, प्रिंसिपल दीपचंद लाखवान तथा डॉ. निकिता ने किया। तीन दिवसीय कैंप में विद्यालय के 202 विद्यार्थियों एवं विद्यालय के स्टाफ सदस्यों की जांच की गई। विद्यार्थियों में बीमारियों के लक्षण होने पर दवाई और परामर्श डाक्टरों के द्वारा प्रदान किया गया। मेडिकल टीम में डॉ. निकिता, डॉ. संगीता, कविता एएनएम, दीपक राव फार्मासिस्ट, निर्मला कुमारी एनओ, प्रेम बाई एलएचवी, पूनम प्रसाविका, शकुंतला प्रसाविका एवं आरबीएसके टीम शामिल हुई। कार्यक्रम में कैम्प प्रभारी विक्रम सिंह शेखावत वरिष्ठ अध्यापक और सह प्रभारी सुनील कुमार वरिष्ठ शारीरिक शिक्षक और विद्यालय के स्वयंसेवकों ने सभी व्यवस्था में सहयोग किया।

पुलिस थाना राजगढ़ में सीएलजी सदस्यों की बैठक हुई

सादुलपुर, (निसं)। राजगढ़ शहर में बिगडती यातायात व्यवस्था सहित मुख्य बाजारों में अतिक्रमण को हटाने तथा खरीदारी के नाम पर बीच बाजारों में अपने वाहनों को खडा कर गायब होने जैसी घटनाओं को रोकने के लिए बुधवार शाम छः बजे राजगढ पुलिस थाने में सीएलजी सदस्यों, व्यापारियों, ऑटो यूनियन, तथा बस ऑपरेटर की बैठक एडिशनल एसपी किशोरी लाल की अध्यक्षता में हुई।

बैठक में कानून व्यवस्था में तथा ट्रैफिक व्यवस्था में सुधार के लिए कडे कदम उठाने का भी निर्णय लिया गया। बैठक नगर पालिका के नव नियुक्त नगरपालिका अध्यक्ष राकेश कुमार अरोडा भी उपस्थित थे। थाना अधिकारी राजेश कुमार सिहाग ने कहा कि उन्होंने पूरे शहर का दौरा किया है, ट्रैफिक अव्यवस्था तथा बाजरो में अतिक्रमण जैसी शिकायत उनके सामने आई हैं, जिसके लिए दुकानदारों और नागरिकों को सहयोग करना होगा।

यदि वह स्वेच्छा से सहयोग नहीं करते हैं तो फिर नगर पालिका के साथ मिलकर पुलिस कार्रवाई करेगी और दुकानों के आगे के अतिक्रमण को हटाकर व्यवस्था को दुरुस्त किया जायेगा।

थाना अधिकारी ने कहा कि बाजार में बडे वाहनों के रोकथाम के लिए जरूरी कार्रवाई करेंगे तथा सुबह 8 बजे से रात 8 बजे तक बडे वाहनों की नो एन्ट्री रहेगी। इसके अलावा दुपहिया वाहनों पर क्षमता से अधिक सवार होकर घूमने वालों के खिलाफ भी पुलिस कार्रवाई करेगी। बैठक में एक करोड 25 लाख की लागत से लगे बन्द पडे सीसीटीवी कैमरों को चालू करवाने तथा नए सिरे से सीएलजी सदस्यों का गठन करने की मांग उठाई गई। बैठक में सुमेर सिह सिहाग ने हरी लकडियों की हो रही भारी तस्करी की रोकथाम करवाने की मांग की।

बैठक में उपस्थित ईओ राकेश कुमार अरोडा ने कहा कि मुख्य मार्गों की गंदे पानी भराव की समस्या का निदान किया जाएगा। इसके अलावा स्ट्रीट लाइट का कार्य भी दुरुस्त करवाया जा रहा है। नगर पालिका में शिकायत रजिस्टर भी रखवाया गया है, जिसमें कोई भी नागरिक अपने शिकायत दर्ज करवा सकता है। शहर में सफाई अभियान भी शुरू कर दिया गया है। बैठक में निजी बस आपरेटर यूनियन के अध्यक्ष निहाल सिंह झाझडियां, संयुक्त व्यापार समिति के अध्यक्ष पवन मोहता, भाजपा महिला मोर्चा की नीलम पूनियां, मनीषा शांडिल्य, यासीन खां पीटीआई, सुमेर सिंह गुलपुरा, श्रवण सोनी, मकसूद चिश्ती, पवन पूनियां, श्यामलाल सोनी मोहसीन शेख, सुलेमान चौहान, फैसल पहाडखानी, आदि ने भागीदारी निभाई।

वार्षिकोत्सव में भामाशाहों का सम्मान किया

झुंझुनूं, (निसं)। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय दोरादास में बुधवार को वार्षिकोत्सव एवं भामाशाह सम्मान समारोह धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सीबीईओ महेंद्र जाखड़ व विशिष्ट अतिथि एसीबीईओ अशोक पूनियां थे।

संस्था प्रधान संजय शर्मा ने बताया कि इस अवसर पर भामाशाह के रूप में अमेरिकी प्रवासी डॉ. ओमप्रकाश शर्मा को नव प्रवेशित एवं प्रतिभावान विद्यार्थियों को ब्लेजर, जूते, कॉपी, यूनिफॉर्म व फीस आदि के लिए दो लाख रुपए प्रदान करने पर, परमेश्वरलाल पारीक व गणेशसिंह शेखावत उतरासर को स्टूडेंट्स के लिए फर्नीचर, इसी विद्यालय से सेवानिवृत्त अध्यापक ख्यालीराम को प्रिंटर एवं सीपीयू, जीवेम हॉस्टल संचालक कुरडाराम धींवा को स्टेबलाइजर, डॉ. एसके भार्गव झुंझुनूं को पीने के पानी की टंकी, बिहारीलाल सिसोदिया, करणीराम महला, रामनाथ महला, सुमित्रा कडवासरा को बोर्ड कक्षाओं 10-12 के टॉपर स्टूडेंट्स को प्रोत्साहित करने के लिए नकद राशि प्रदान करने पर तथा पवन सैन व रवि निर्मल को उनके सहयोग के लिए प्रशस्ति पत्र एवं मोमेंटों देकर सम्मानित किया गया।

सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लेने वाले स्टूडेंट्स को पारितोषिक के लिए 5100 रुपए बुधराम योगी तथा लड्डुओं के लिए 17-17 हजार रुपए भामाशाह पवन कुमार गुप्ता बड़गांव ने प्रदान किए। कार्यक्रम में पीईओ नरेश कुमार सहित बडी संख्या में दोरादास, मिश्रपुरा, महला का बास के ग्रामीण एवं स्टाफ सदस्य मौजूद थे।

वार्षिकोत्सव एवं भामाशाह सम्मान समारोह धूमधाम से मनाया गया।

सार-समाचार

भंडारे में प्रसाद लिया

झुंझुनूं, (निसं)। गुर्जरों की ढाणी में हीरामल देव महाराज मंदिर पर सोमवार रात्रि को राजस्थान की प्रसिद्ध गायकर पार्टी ग्यारसीलाल गुर्जर व डांसर सोनू शेखावाटी ने शानदार कार्यक्रम की प्रस्तुति पेश की। मंगलवार दिन में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें 101हीरामल देव महाराज से आए हुए भक्तों को गुरुओं को गुरुजी बाबूलाल गुर्जर द्वारा दक्षिणा देकर सम्मान किया गया। सुबह सभी हीरामल देव महाराज के भक्तों ने हवन और यज्ञ करने के बाद 21 कन्याओं को भोजन करवा कर प्रसादी वितरण की गई। इस मौके पर चौमुखा भैंरुजी महाराज के भगत बाबूलाल गुर्जर, गुरु मुकेश गुर्जर देवरोड़, गुरु मुकेश गुर्जर उतरासर, भगत मनवीर गुर्जर उत्तरासर, गुरु प्रताप गुर्जर गुर्जरों की नांगली, गुरु रोहिताश गुर्जर, भगत लक्ष्मण सैनी, देवसेना के प्रदेश सचिव धर्मपाल गुर्जर ने चार फरवरी को देवनारायण जयंती के अवसर पर विशाल शोभायात्रा में शामिल होने की बात कही। इस मौके पर पप्पू चंदेल, भगत मनोहरलाल गुर्जर केसरीपुरा, भगत राजेंद्र गुर्जर नून, भगत दीवान गुर्जर, भगत बलवंत, भगत राजवीर कसाना, भगत सुभाष कसाना सहित लोग मौजूद रहे।

खेल प्रतियोगिता का समापन

झुंझुनूं, (निसं)। शहर के जाने-माने शिक्षाविद् एवं जय पब्लिक स्कूल के चेयरमैन उमेश कस्वां ने कहा है कि खेलों से शारीरिक व मानसिक विकास होता है। इसलिए खेलों में सभी को बढ-चढकर हिसस लेना चाहिए। उमेश कस्वां स्कूल में आयोजित दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद व एथलीट प्रतियोगिता के समापन पर बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि दो दिनों में विद्यार्थियों ने शानदार खेल कौशल का प्रदर्शन किया है। जिसकी जितनी तारीफ की जाए। उतनी कम है। जय पब्लिक स्कूल के विद्यार्थी ना केवल शैक्षिणक, बल्कि सह शैक्षिणक व खेलकूद गतिविधियों में अव्वल रहे। यही हमारा मकसद है। इस मौके पर बतौर अतिथि स्कूल सचिव अंजू कस्वां, निदेशक कैलाश भालोठिया, प्राइमरी एजुकेशन हैड आरती कस्वां आदि मौजूद थे। जिन्होंने विचार रखे। साथ ही विजेता खिलाडियों व टीमों को मैडल, ट्रॉफी व सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया। प्रतियोगिता में लक्ष्मी, शिवाजी और प्रताप हाउस क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पर रहे। वहीं छात्र वर्ग में में 11वीं कक्षा के आर्यन बेस्ट एथलीट और छात्रा वर्ग में 12वीं कक्षा की गुंजन बेस्ट एथलीट रहे।

बाबा गंगाराम धाम में दर्शन किए

झुंझुनूं, (निसं)। शहर कोतवाल नारायण सिंह, जिन्होंने हाल ही में कोतवाली झुंझुनूं में अपने पद का कार्यभार संभाला है, ने बाबा गंगाराम धाम श्री पंचदेव मंदिर में दर्शन किए। इस पावन अवसर पर उन्होंने मंदिर की महिमा और इतिहास के बारे में जानकारी प्राप्त की। मंदिर के ट्रस्टी अनिल कुमार मोदी ने नारायण सिंह का स्वागत करते हुए उन्हें दुपट्टा ओढ़ाकर सम्मानित किया और बाबा गंगाराम का साहित्य भेंट स्वरूप प्रदान किया। नारायण सिंह ने मंदिर की सुव्यवस्थित व्यवस्था और यहां की आध्यात्मिक ऊर्जा की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि ऐसे धार्मिक स्थल न केवल आस्था का केंद्र हैं, बल्कि समाज में शांति और समरसता का संदेश भी देते हैं। इस दौरान मंदिर प्रबंधन समिति के सदस्य और श्रद्धालु भी उपस्थित रहे।

कब मास्टर फ्लॉक लीडर बेसिक शिविर प्रारंभ

**झुंझ